Schedule XLII-High Court (J) 19 [Old

**अनुमन्डल न्यायालय-असैनिक न्यायाधीश (वरीय कोटि)बनमनखी,पूर्णिया बिहार**

समक्ष- सतीश मणि त्रिपाठी (बिहार न्यायिक सेवा )

**स्वत्व** वाद सं.-209/2014 / सी.आई.एस. क्र.-209/2014

सत्यनारायण मेहता बनाम विशुनदेव मेहता एवं अन्य

| Order date | Order with signature of the Court | Office action taken |
|---|---|---|
| 08 /04 /25 | वादी एवं प्रतिवादी सं. 1,2 एवं शेष प्रतिवादी की ओर से उनके विद्वान अधिवक्ता की हाजिरी है \|यह वाद प्रतिवादी प्रथम पक्ष के द्वारा प्रस्तुत आवेदन दिनांक 06/12/24 पर सुनवाई हेतु प्रस्तुत किया \| उक्त आवेदन को संचालित कर प्रतिवादी प्रथम पक्ष के विद्वान अधिवक्ता द्वारा समर्पित किया गया कि प्रतिवादी प्रथम पक्ष की गवाही दिनांक 16/08/24 को बंद कर दी गयी है परन्तु प्रतिवादी प्रथम पक्ष की ओर से प्रस्तुत लगान रसीद प्रदर्श अंकित नहीं हो सका है अत: निवेदन है की दिनांक 16/08/24 के आदेश को वापस लेकर साक्ष्य प्रस्तुत करने की अनुमति प्रदान करने की कृपा की जाय \|<br>वादी के द्वारा प्रतिउत्तर न प्रस्तुत कर मौखिक आपत्ति व्यक्त किया गया है \|<br>उभयपक्ष को सूना एवं अभिलेख का अवलोकन किया \| अवलोकन से विदित होता है की प्रतिवादी प्रथम पक्ष की गवाही दिनांक 16/08/24 को बंद कर दी गयी है जबकि कुछ दस्तावेज प्रदर्श अंकित किया जाना रह गया है \| वाद के प्रभावी एवं न्यायपूर्ण निराकरण के लिए उभय पक्ष के साक्ष्य को अभिलेख पर लाया जाना न्यायसंगत है \| अत : न्यायहित में प्रतिवादी प्रथम पक्ष के उक्त आवेदन को इस शर्त पे स्वीकृत किया जाता है कि प्रतिवादी दो तिथि के भीतर अपना साक्ष्य पूर्ण कराएँगे \|<br>वाद दिनांक 28 /04/25 को प्रतिवादी प्रथम पक्ष के साक्ष्य हेतु नियत \|<br>लेखापित-<br><br>असैनिक न्यायाधीश(व.को.)<br>बनमनखी, पूर्णिया | |